रमेश पोखरियाल 'निशंक'
*Ramesh Pokhriyal 'Nishank'*

सत्यमेव जयते

मंत्री
मानव संसाधन विकास
भारत सरकार
**MINISTER**
**HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT**
**GOVERNMENT OF INDIA**

# संदेश

प्रिय साथियों,

भाषा किसी भी राष्ट्र की सामाजिक एवं सांस्कृतिक धरोहर की संवाहिका होती है। कोई भी देश अपनी भाषा के बिना अपने राष्ट्रीय व्यक्तित्व को मौलिक रूप से परिभाषित नहीं कर सकता है। राष्ट्र की शैक्षिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रगति में उस राष्ट्र की भाषा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। किसी भी सुदृढ़ एवं मजबूत राष्ट्र की पहचान इस बात से होती है कि उसकी अपनी भाषा कितनी व्यापक एवं समृद्ध है।

संविधान निर्माताओं द्वारा संविधान में, अन्य बातों के साथ-साथ, प्रावधान किया कि संघ हिंदी भाषा का विकास करे और आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट भारत की अन्य भाषाओं में प्रयुक्त रूप, शैली और पदों को आत्मसात करते हुए संस्कृत और अन्य भाषाओं से शब्द ग्रहण करते हुए उसकी समृद्धि सुनिश्चित करे।

साथियों, संविधान द्वारा यह जो दायित्व हमें सौंपा गया है हमें उसका निर्वहन करना है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय हिंदी के साथ-साथ अन्य सभी भारतीय भाषाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आज हम, हिंदी में ही नहीं, अन्य भारतीय भाषाओं में भी उत्कृष्ट साहित्य का सृजन कर रहे हैं। हमें इन भाषाओं को साथ लेकर हिंदी का विकास करना है।

'हिंदी दिवस' के अवसर पर मंत्रालय का प्रत्येक कार्यालय इस पर्व को उत्साहपूर्वक मनाए, विभिन्न आयोजन करे और यह निश्चय करे कि सरकारी कार्य अधिक से अधिक हिंदी में हो। सरकारी कार्य हिंदी में करने के लिए आज अनेक टूल्स उपलब्ध हैं। हम इनका उपयोग करें और संकल्प लें कि हम हिन्दी के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए पूर्ण समर्पण एवं निष्ठाभाव से कार्य करेंगे।

हिन्दी दिवस के अवसर पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

जय हिंद!

(रमेश पोखरियाल 'निशंक')

स्वच्छ भारत

**सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा।**

Room No. 3, 'C' Wing, 3rd Floor, Shastri Bhavan, New Delhi-110 115
Phone : 91-11-23782387, 23782698, Fax : 91-11-23382365
E-mail : minister.hrd@gov.in